प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
आकाशवाणी, लखनऊ।

सम्पादक : ओम जी अवस्थी/राघवेन्द त्रिपाठी
आशुपिक/ऑपरेटर : पंकज कुमार बिन्द्रा
समाचार वाचक: तनवीर फातिमा
प्रसारण तिथि : 20.12.2024
प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**आकाशवाणी लखनऊ से प्रस्तुत है प्रादेशिक समाचार :** (संकेत ध्वनि)
(संकेत ध्वनि को सुपर इंपोज करते हुए)

**मुख्य समाचार :–**

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जेवर के किसानों के साथ किया संवाद : कहा– 31 सौ रूपये प्रति वर्ग मीटर की जगह दिया जाएगा 41 सौ रूपये प्रतिवर्ग मीटर के हिसाब से मुआवजा।**
2. **केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह ने आज ग्रेटर नोएडा में टेक्सटाइल कनेक्ट समारोह को किया संबोधित : कहा– 2030 तक 35 हजार करोड़ का होगा कपड़ा बाजार।**
3. **लोकसभा ने आज एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी विधेयक संसद की संयुक्त समिति को भेजा : समिति अगले सत्र के अंतिम सप्ताह में सौंपेगी रिपोर्ट।**

**और**

4. **पांच दिवसीय मेरठ महोत्सव कल से होगा शुरू : ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर ने कहा– महोत्सव से शहर को मिलेगी नई पहचान।**

---

**नमस्कार, प्रदेश क समाचारों के साथ मैं तनवीर फातिमा।**

**और अब समाचार विस्तार से.......**

**20.12.2024**

**जेवर किसान संवाद**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अंतिम फेज के लिए भ्मि देने वाले जेवर के किसानों से संवाद किया । इस अवसर परउन्होंने किसानों की समस्याएं सुनी।उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों का व्यवस्थापन और रोजगार का इंतजाम किया जाएगा। साथ ही किसानों को नियमानुसार ब्याज का भी भुगतान होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरे और अंतिम चरणके लिए एयरपोर्ट को जमीन देने वाले किसानों को बढी हुई दर पर मुआवजा देने का फैसलाकिया है। बाइट**

*अन्य जो सुविधाएं मिल रही हैं। उन सुविधाओं के साथ साथ इस रेट को बढा करके जो ग्रेटर नोएडा का तय है, 4100 रुपए, 3100 से बढ़ाकरके इसको 4100 मुझे लगता है करते हैं। तो किसानों को एक सामान्य जनक कम्पनसेशन मिल सकता है।और मैं ये चाहूंगा आप सभी लोग इसके अनुसार उस भूमि को देंगे तो दोनों को लाभ होगा। यानी आपको भी और अथॉरिटी उस पर आगे के निर्माण कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए ।*

**डेस्क**

**<u>20.12.2024</u>**

**अयोध्या**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या दौरे के दौरान श्री राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री को राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन भी किया। मुख्यमंत्री अयोध्या के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित भव्य अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः स्थापित करने का कार्य किया है। बाइट**

*आज अयोध्या में क्या नहीं है। राम लला का आगमन हो गया। रामलला के आगमन के पूर्व अयोध्या के वैभव को अयोध्या को वापस कराने के लिए कार्य करना पड़ा था। डबल इंजन की सरकार ने इस कार्य को संतो के मार्गदर्शन में इस कार्य को आगे बढ़ाया आज वो पूर्ण हो चुका। ये लगातार निरंतरता प्राप्त करता रहे। याद रखना विरासत को विस्मृत करके हम भौतिक विकास को स्थाई नहीं रख सकते।*

*पीटीसी, अयोध्या*

**20.12.2024**

इंडिया एक्सपो मार्ट

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित टेक्सटाइल कनेक्ट – एचआर समिट एंड एक्सीलेंस अवार्ड्स 2024 समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग कृषि के बाद देश में दूसरा सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। उन्होंने वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में मानव संसाधन में और ज्यादा काशल विकास पर जोर दिया। श्री सिंह ने कहा कि भारत ने कपड़ा क्षेत्र में 2030 तक 350 बिलियन डॉलर तक के बाजार होने का लक्ष्य रखा है ।बाइट–––केंद्रीय कपड़ा मंत्री

*आने वाले दिनों में भारत सरकार ने 2030 तक हमने कुछ अपना लक्ष्य रखा है और आप लोगों से विमर्श करके ही रखा है। अगर इण्डस्ट्री का साइज, हमने 11–12 में 13–14 में हम देखते हैं। वहां से हमारी जर्नी 10 साल का होता है। तो हम लगभग 170 बिलियन डालर की मार्केट साइज पर होती है लेकिन हमने एक लम्बा आपके सहयोग से साढ़े तीन सौ बिलियन डालर का मार्केट साइज को हमने लिया है।*

*पीटीसी, गौतमबुद्धनगर*

**20.12.2024**

पदोन्नति

प्रदेश में जल्द ही पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों को पदोन्नति दी जाएगी। उत्तर प्रदेश पंचायती राज निदेशालय द्वारा लखनऊ में आयोजित''स्वच्छता ही सेवा'' विषयक संगोष्ठी में आज प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मचारियों के पदोन्नति के लम्बित मामले को देखने के लिए पांच सदस्यों की एक कमेटी बनायी जायेगी। इस कमेटी को तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देनी होगी।

एजेंसी

**20.12.2024**

परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी अगले महीने आयोजित होगी। कार्यक्रम के लिए माई जीओवी पोर्टल पर 14 जनवरी तक पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण के दौरान विद्यार्थी अपनी पसंद के प्रश्न, जो वे प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं, जमा करा सकते हैं, लेकिन ये प्रश्न परीक्षा के तनाव, करियर और जीवन में भावी आकांक्षाओं के बारे में होने चाहिये। इससे पहले, कार्यक्रम के 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से उन्हें बच्चों से बात करने का अवसर मिलता है।

*परीक्षा पे चर्चा एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूँ। इससे मुझे स्टूडेंट्स के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है और मैं उनके परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने का भी प्रयास करता हूँ।*

एआईआर

**20.12.2024**

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकत हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

**————————**

**20.12.2024**

शीतकालीन सत्र

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आज लोकसभा में एक देश–एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है। समिति में लोकसभा के 27 सदस्य और राज्यसभा के 12 सदस्य हैं। लोकसभा की कार्यवाही आज जब शुरू हुई तब विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक,2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) 2024 को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश किया। यह समिति संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सदन को सौंप देगी।

एआईआर

**20.12.2024**

शक्ति सदन

भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित मिशन शक्ति की उप योजना सामर्थ्य के अंतर्गत प्रदेश सरकार घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के पुर्नवासन और मुख्य धारा में जोड़ने के लिए प्रदेश भर में शक्ति सदन का संचालन शुरू कर रही है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के 10 जिलों में शक्ति सदन के संचालन को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है और इसकी प्रक्रिया भी शुरू हो गयी।

विज्ञप्ति

**20.12.2024**

मेरठ महोत्सव

मेरठ के भामाशाह पार्क में पहली बार 21 दिसंबर से 25 दिसंबर तक पांच दिवसीय मेरठ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई है। मेरठ महोत्सव के लिए जिला प्रशासन द्वारा आज महोत्सव स्थल पर पूजन कराया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर शामिल हुए । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महोत्सव के माध्यम से मेरठ को नई पहचान मिलेगी।

**बाइट**—— *मेरठ महोत्सव हम लोग बहुत दिन से चाहते थे, शुरूवात हुई है। आज भूमि पूजन किया गया है। सभी लोग यहां पर उपस्थित हुए है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूॅ कि पूर्ण हो ठीक से, सभी लोगों का सहयोग बना हुआ है। एक नई पहचान मिलेगी मेरठ को इसके माध्यम से।*

पीटीसी, मेरठ

**<u>20.12.2024</u>**
**महाकुंभ**

**उत्तर प्रदेश में आगामी महाकुंभ की तैयारियां जोरों पर हैं। मेले में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की संभावना है। राज्य सरकार कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। आकाशवाणो समाचार से बातचीत में उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉक्टर रतन सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम 24 घंटे मेला क्षेत्र में उपलब्ध रहेगी।**

*<u>स्वास्थ्य को लेकर हम 23 चिकित्सालय स्थापित किए है। मेला क्षेत्र में जिसमें एक सेन्ट्रल हास्पिटल है। सेन्ट्रल हास्पिटल में 100 बेड बनाये है और इन सौ बेड में हमने 10 बेड आईसीयू के बनाये है। इसी तरह से दो सब सेन्ट्रल हास्पिटल है मेगा एरिया में और इन सब सेन्ट्रल हास्पिटल में प्रत्येक में 25 बेड की सुविधा दी गई है। इसी तरह से मेला एरिया में 8 सेक्टर हास्पिटल बनाये है जिसमें प्रत्येक में 20 बेड की सुविधा हमने दी है। इस तरह आठ सेक्टर हास्पिटल होंगे तो उनमें 107 पब्लिक के लिए आरक्षित होंगे। इसी तरह से हमने फस्ट्र एड पोस्ट 10 बनाई है जिनमें एक बेड होगा और इस तरह से कुल बेड की संख्या 360 है।</u>*

सुशील चन्द्र तिवारी

अंत मे मुख्य समाचार एक बार फिर :–

5. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जेवर के किसानों के साथ किया संवाद : कहा– 31 सौ रूपये प्रति वर्ग मीटर की जगह दिया जाएगा 41 सौ रूपये प्रतिवर्ग मीटर के हिसाब से मुआवजा।
6. केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह ने आज ग्रेटर नोएडा में टेक्सटाइल कनेक्ट समारोह को किया संबोधित : कहा– 2030 तक 35 हजार करोड़ का होगा कपड़ा बाजार।
7. लोकसभा ने आज एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी विधेयक संसद की संयुक्त समिति को भेजा : समिति अगले सत्र के अंतिम सप्ताह में सौंपेगी रिपोर्ट।

और

8. पांच दिवसीय मेरठ महोत्सव कल से होगा शुरू : ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर ने कहा– महोत्सव से शहर को मिलेगी नई पहचान।

—————————

इसी के साथ प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन समाप्त होता है। अगला बुलेटिन रात 8 बजे एफ एम पर प्रसारित किया जाएगा।